# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–17 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सहारनपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान –सीएम युवा के तहत 365 उद्यमियों को ऋण का चेक और ओडीओपी के तहत गुड कार्विंग प्रोडेक्ट बनाने के टूल्स एवं प्रमाण पत्र वितरित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नए उद्यमी तैयार किये जा रहे हैं। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से हो रही है। इसके तहत पहले चरण में एक लाख युवाओं को बिना ब्याज का लोन दिया जा रहा है।

**हर युवा प्रतिभाशाली है बस उसे अवसर मिलना चाहिए और यह सरकार डबल इंजन की सरकार जब कार्य करती है तो उसके लिए लोक हित और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है और लोकहितत और राष्ट्रहित को ही ध्यान में रख करके हम किसी कार्यक्रम को आगे बढ़ते हैं।**

उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम–एमएसएमई का बहुत बड़ा बेस प्रदेश में है। प्रदेश पहला राज्य है, जहां एमएसएमई यूनिट को सुरक्षा गारंटी दी जा रही है। आपदा के दौरान किसी भी उद्यमी के साथ कोई घटना या दुर्घटना होने पर पांच लाख रुपये का सुरक्षा बीमा प्रदान किया जा रहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विभिन्न जनपदों में हुई बारिश को देखते हुए अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। श्री योगी ने कहा है कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों की मदद करें। साथ ही फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाए, ताकि इस संबंध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

**********

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि के अवसर पर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री योगी ने कहा कि बहुगुणा जी महान स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ साथ देश के वरिष्ठ राजनेता भी थे। लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अपार निष्ठा थी।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज महाराजगंज दौरे पर पहुंचीं। इस दौरान श्रीमती पटेल ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्ट्रट परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और लाभार्थियों को योजनाओं से संबंधित किट व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। श्रीमती पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षित कर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सकता है। जब सभी योजनाएं बेटियों तक पहुंचेंगी तभी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। राज्यपाल कल कुशीनगर का दौरा करेंगी। कुशीनगर के अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने बताया कि राज्यपाल आंगनबाड़ी किट का वितरण करने के साथ ही लाभार्थियों को भूमि पट्टा व टीबी रोगियों को पोषण पोटली प्रदान करेंगी।

**********

वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा है कि यह विधेयक गरीब मुसलमानों के पक्ष में है। वक्फ संशोधन विधेयक पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के विरोध पर श्री पाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि सदन में 428 पृष्ठों की रिपोर्ट पेश की गई है और वक्फ बोर्ड की बेहतरी के लिए संशोधन किए गए हैं।

***किरण रिजीजू संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इसको शायद एक जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बनाकर के उसको रेफर कर दें। जिससे इसपे और एग्जास्टिव डिस्कशन डेलिबरेशन हो सके, सभी देश के स्टेकहोल्डर से मिल सके। सरकार की मंशा खुद साफ थी कि पूरे देश के मुस्लिम संगठनों से इनकी बातें सुनी जा सके। एक बेहतर कानून बनाया जाए।***

**********

जौनपुर जिले के सिकरारा क्षेत्र के बनसफा स्थित प्राचीन नागेश्वर महादेव मंदिर का सुंदरीकरण होगा। जिला पर्यटन अधिकारी मीनाक्षी यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब सत्तानवे लाख रुपये से प्रस्तावित सुंदरीकरण के काम को शासन से स्वीकृति मिल गई है। इस कार्य के लिए अट्ठावन लाख रुपये की पहली किश्त भी जारी हो गई है। जिला पर्यटन अधिकारी ने कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**********

वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देवेंद्र प्रधान का आज सुबह नई दिल्ली में निधन हो गया। वे चौरासी वर्ष के थे। निधन की सूचना मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये शोक जताते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री को श्रद्धांजलि दी है। दिवंगत डॉ. प्रधान के बेटे धर्मेंद्र प्रधान देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री हैं।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, देवरिया और अंबेडकरनगर समेत आसपास के कई जिलों में आज सुबह हल्की बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार इक्कीस और बाइस मार्च को भी पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

**********